महत्वपूर्ण एवं खास

15-17 युवकों ने तलवार लहराकर की गुंडागर्दी, युवाओं से की मारपीट, महिला का फोड़ा सिर

महासमुंद (आरएनएस)। नयापारा वार्ड नंबर 11 में करीब 15-17 युवकों ने तलवार लहराकर गुंडागर्दी करते हुए मोहल्ले के युवाओं के साथ मारपीट की. इस मारपीट के दौरान एक महिला के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं, जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है. वहीं इस मामले में घायल महिला के पति की शिकायत पर पुलिस ने युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है. बता दें कि, महासमुंद से दलदली रोड स्थित नयापारा के वार्ड क्रमांक 11 में शनिवार की शाम विक्की ठाकुर, सन्नी ठाकुर, राजा ठाकुर सहित करीब 15-17 युवकों ने हाथों में तलवार लहराते हुए मोहल्ले के युवकों के साथ मारपीट की. युवकों के साथ मारपीट होता देख बीच बचाव करने पहुंची ऊषा के सिर पर चोट आई, जिससे महिला बुरी तरह लहूलुहान हो गई, जिसे तत्काल एंबुलेंस से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया. पीड़िता उषा के पति चैतू मिरी ने शनिवार की शाम सिटी कोतवाली पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है. एक दिन पहले भी विक्की ठाकुर, सन्नी ठाकुर और राजा ठाकुर ने मोहल्ले के लोगों के साथ मारपीट की थी.

गांव में आतंक फैलाने वाले युवक की दुकान को ग्रामीणों ने फूंका

पिथौरा-रायपुर (आरएनएस)। बलौदा थाना क्षेत्र के कसडोल गांव में दो पक्षों में हुए जमकर मारपीट में आक्रोशित लोगों ने एक युवक की दुकान में आग लगा दिया। इसके अलावा घर में तोडफोड़ भी किया गया है। इस घटना को लेकर गांव में भारी तनाव का माहौल बना हुआ है और ग्रामीण आक्रोशित हैं। दरअसल यह पूरा मामला कसडोल गांव का है। यहां का एक युवक करण मेहेर आए दिन ग्रामवासियों को डराता धमकता था। गणेश विसर्जन के दौरान करण भी उसमें गया हुआ था, तभी दो पक्षों में धक्का-मुक्की हो गई। इसके बाद आक्रोशित ग्रामवासियों ने करण मेहेर की दुकान में आगजनी की और घर में लोहे की राड, डंडे और पत्थर से तोडफ़ोड़ कर भारी नुकसान पहुंचाया है। इस पर पुलिस ने करण की मां की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

जिले में 17 पुलिसकर्मियों का हुआ स्थानांतरण

दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक दुर्ग ने जिले में पदस्थ 4 सहायक उप निरीक्षक, 6 प्रधान आरक्षक और 7 आरक्षकों का तबादला किया है। जिले में जल्द ही और पुलिसकर्मियों का भी तबादला हो सकता है। वर्तमान में जारी तबादला सूची में सहायक उप निरीक्षक मनोज साहू को मचांदूर से पाटन भेजा गया है। एएसआई नेमन साहू को उतई से मचांदूर, जितेंद्र चंद्राकर को जामगांव -आर से पाटन और एएसआई सुंदरलाल नेताम को अंडा से जामगांव आर भेजा गया है। प्रधान आरक्षकों में अभिषेक पांडेय को उतई से मचांदूर, नोहर सिंह आर्य को नियंत्रण कक्ष से जामगांव आर, ब्रह्मानंद देशलहरे को उतई से पाटन भेजा गया है। वहीं प्रधान आरक्षक अब्दुल महफुल खान को पुलगांव से अंडा, प्रधान आरक्षक बेंजामिन खलखो को अंडा से पुलगांव और प्रधान आरक्षक धन्नू राम कृषाण अंडा से नगपुरा भेजा गया है।

आज कांग्रेस का बस्तर बंद का ऐलान

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस ने 3 अक्टूबर को संपूर्ण बस्तर बंद का ऐलान किया है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में आज आयोजित प्रेसवार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने यह घोषणा की। इस प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी मौजूद थे। बैज ने कहा कि केंद्र सरकार नगरनार स्टील प्लांट को बेचने का साजिश कर रही है। यह बस्तर की भावनाओं के खिलाफ है। इसके विरोध में 3 अक्टूबर को बस्तर बंद रहेगा।गौरतलब हो कि 3 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बस्तर के दौरे पर आ रहे हैं। प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राज्य सरकार नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज जगदलपुर, बस्तर में विभिन्न रेल परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण

- प्रधानमंत्री अंतागढ़ से ताड़ोकी नई रेल लाइन का लोकार्पण करेंगें
- ताड़ोकी से रायपुर डेमू ट्रेन सेवा का होगा शुभारम्भ

दल्लीराजहरा (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 03 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर, बस्तर की यात्रा पर आएंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री 03 अक्टूबर को 11 बजे अपराह्न में विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे । अवसंरचना विकास को बढ़ावा देते हुए प्रधानमंत्री अनेक रेल परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्?यास करेंगे । प्रधानमंत्री अंतागढ़ से ताड़ोकी नई रेल लाइन और जगदलपुर से दंतेवाड़ा के बीच डबल रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे । इसी के साथ प्रधानमंत्री बोरीडांड से सूरजपुर रेल लाइन के दोहरीकरण परियोजना तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत जगदलपुर स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे । इस दौरान प्रधानमंत्री ताड़ोकी से रायपुर डेमू ट्रेन सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ भी करेंगे । इन रेल परियोजनाओं से राज्य के जनजातीय इलाकों में कनेक्टिविटी में सुधार होगा। रेल अवसंरचना में सुधार और नई रेल सेवाओं से स्थानीय लोगों को सुविधा होगी तथा इलाके में आर्थिक विकास को मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री अंतागढ़ से ताड़ोकी नई रेल लाइन को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। छतीसगढ़ के रेल संपर्क विहीन ताड़ोकी क्षेत्र में दल्लीराजहरा रावघाट परियोजना के अंतर्गत 272 करोड़ की लागत से नवनिर्मित 17.65 किलोमीटर लंबी रेल लाइन छत्तीसगढ़ के वनवासी बाहुल्य क्षेत्र को परिवहन का सुलभ, किफायती और तेज साधन उपलब्ध कराएगी । यह लाइन पर्यटन को बढ़ावा देने के अलावा इस्पात संयंत्रों के लिए लौह अयस्क समृद्ध क्षेत्रों से परिवहन सम्?पर्क की सुविधा प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री बोरीडांड से सूरजपुर रेल लाइन के दोहरीकरण का शिलान्यास भी करेंगे । 79 किलोमीटर लम्बी यह परियोजना 775 करोड़ की लागत से पूरी होगी । इस रेल लाइन के दोहरीकरण से रेल परिवहन सुविधा का विस्?तार होगा और क्षेत्र में सामाजिक आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा । इससे स्थानीय रोजगार सृजन और आसपास के क्षेत्रों से देश के शेष हिस्सों तक कोयले के परिवहन में आसानी होगी। प्रधानमंत्री ताड़ोकी से रायपुर डेमू ट्रेन सेवा का शुभारम्भ करेंगे । इस सेवा के शुभारम्भ से ताड़ोकी से राजधानी रायपुर के लिए सीधी ट्रेन सेवा शुरू होगी तथा इस क्षेत्र के निवासियों को तेज, सुगम एवं सस्ता परिवहन उपलब्ध होगा । छात्रों को उच्च शैक्षिक संस्थानों एवं मरीजों को अच्छे अस्पतालों तक पहुँच आसान होगी एवं इसके साथ ही इस क्षेत्र का समन्वित तथा चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। ये सारी परियोजनाएं इस क्षेत्र के सामाजिक, आर्थिक विकास में भी सहभागी होगी । पूरे क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा,रोजगार के नए अवसर बढ़ेंगें तथा संपूर्ण क्षेत्र के परिवहन गतिशीलता में वृद्धि होगी।

कौशल्या माता विहार के नए लेआऊट प्लॉन को राज्य शासन ने दी स्वीकृति

- आरडीए 182 नए व्यावसायिक भूखंडों का विक्रय इसी सप्ताह शुरू करेगा
- प्लाटों का आकार 457 से 58,752 वर्गफुट तक
- शीघ्र जारी होगी निविदा आमंत्रण सूचना

रायपुर (आरएनएस)। रायपुर विकास प्राधिकरण की कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजना के अभिन्यास (आर-8) संशोधन के उपरांत 182 व्यावासायिक भूखंड विक्रय के लिए उपलब्ध हो गए हैं। छत्तीसगढ़ शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने इसका अनुमोदन कर दिया है, इसके उपरांत अब कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश विभाग रायपुर व्दारा इसी सप्ताह इसकी स्वीकृति मिलते ही निविदा के माध्यम से आवंटन की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी। रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू व्दारा दी गई जानकारी के अनुसार योजना के लेआऊट में संशोधन (आर-8) के लिए राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा गया था जिसमें काफी विचार विमर्श के बाद राज्य शासन ने 29 सितंबर 2023 को इसकी स्वीकृति प्रदान की गई है। प्राधिकरण के सीईओ श्री साहू के अनुसार आर-8 में बिजनेस के 457 से 58,752 वर्गफुट आकार तक के भूखंड उपलब्ध होगें। कौशल्या माता विहार के सेक्टर 2, 4, 6, 8ए,10 में 170 भूखंड उपलब्ध हुए हैं। निविदा के माध्यम से इसके विकय की ऑफसेट दर रुपए 3300 प्रति वर्गफुट होगी। सेक्टर 11ए में 11 भूखंड उपलब्ध हुए है जिसकी ऑफसेट दर रुपए 2707 प्रति वर्गफुट तथा सेक्टर 11ए में ही सबसे बड़ा व्यावसायिक भूखंड जिसका क्षेत्रफल 58752 वर्गफुट है इसकी ऑफसेट दर रुपए 2494 वर्गफुट होगी तथा इसका भूउपयोग व्यावसायिक के साथ सार्वजनिक-अध्द सार्वजनिक रखा गया है। रायपुर विकास प्राधिकरण व्दारा इन सभी व्यावसायिक भूखंडों का विक्रय निविदा आमंत्रित कर किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कौशल्या माता विहार (कमल विहार) योजना के अभिन्यास (आर-8) को संशोधित करने से पूर्व राज्य शासन व्दारा नियमानुसार 22 मई 2023 को स्थानीय सर्किट हाऊस में जनसुनवाई की गई थी तथा प्राप्त आपत्तियों का निराकरण करते हुए अभिन्यास को स्वीकृति दी गई है।

महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को जयंती पर भूपेश ने किया नमन

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री और शायर हाजी हसन अली की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया । इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन भी उपस्थित थे । मुख्यमंत्री बघेल ने महात्मा गांधी के देश के लिए अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि गांधी जी ने भारत में स्वाधीनता आंदोलन को नई दिशा दी। उन्होंने सत्य, प्रेम और अहिंसा का मार्ग अपनाकर पूरे विश्व के सामने मिसाल कायम की। उन्होंने देश में जिस ग्राम स्वराज की कल्पना की थी, छत्तीसगढ़ सरकार उसे पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को स्मरण करते हुए कहा कि शास्त्री जी ने सादगी से जीवन जिया और अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में अर्पित कर दिया। वास्तव में वे सच्चे गांधीवादी थे। उन्होंने भारतीय स्वाधीनता संग्राम में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के समय देश को कुशल नेतृत्व प्रदान किया और 'जय जवान-जय किसान' का नारा देकर जनता का मनोबल बढ़ाया, जिससे सारा देश एकजुट हो गया।

पुलिस को मिली सफलता तेंदुआ खाल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

गरियाबंद (आरएनएस)। जिले में क्षेत्र में हो रहे अवैध रूप से गांजा,हीरा, शराब, वन्य प्राणियों के अवैध तस्करी को रोकने के लिए जिला गरियाबंद के उमनि/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के दिशा-निर्देश,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डी.सी.पटेल के मार्गदर्शन,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद पुष्पेंद्र नायक के पर्यवेक्षण में विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं।जिसके परिणाम स्वरूप अवैध तस्करों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है ,इसी तरह सोमवार को मुखबिर से सूचना मिला कि ग्राम चिंगरमाल जाने के कच्ची मार्ग पर एक व्यक्त लाल रंग के थैलें में वन्य प्राणी तेन्दुआ कि खाल को भरकर ग्राहक की तलाश करते हुये ग्राम चिंगरमाल के तरफ आ रहे हैं,इस सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पीपरछेड़ी प्रधान आरक्षक रवि लहरे को मुखबीर के बताये घटना स्थल के लिए रवाना हुए ग्राम रसेला में गवाहों के समक्ष घटना स्थल पर मुखबीर के बताए अनुसार एक व्यक्ति जो ग्राम चिंगरमाल जाने वाले कच्ची मार्ग पर लाल रंग का थैला रखकर पैदल ग्राम चिंगरमाल की ओर जा रहा था जिसे रोककर उनका नाम पुछने पर नंद कुमार ठाकुर पिता मया राम ठाकुर उम्र 45 वर्ष साकिन स्कूल पारा ग्राम रसेला थाना छुरा जिला गरियाबंद का होना बताया उक्त व्यक्ति का तलाशी लिया गया जिसके पास से संदिग्ध वन्य जीव का खाल बरामद किया गया।

खत्म हुआ मानसून सीजन, औसत से कम हुई बारिश

रायपुर/नई दिल्ली। अक्टूबर (आरएनएस)। दक्षिण-पश्चिम मानसून शनिवार को खत्म हो गया. इस बार औसत से 820 मिलीमीटर कम बारिश हुई, जबकि किसी अल नीनो वर्ष में बारिश का दीर्घकालिक औसत 868.6 मिलीमीटर (मिमी) रहता है.

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, सकारात्मक कारकों मुख्य रूप से हिंद महासागर डिपोल और मैडेन-जूलियन ऑसीलेशन (एमजेओ) ने अल नीनो स्थितियों के कारण होने वाली बारिश की कमी को कुछ कम किया और 'लगभग सामान्य' वर्षा हुई. 2023 से पहले भारत में लगातार 4 वर्षों तक मानसून के मौसम में सामान्य और सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई थी.

मौसम विभाग ने कहा कि पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य 1,367.3 मिमी की तुलना में 1,115 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 18 प्रतिशत कम है. उत्तर पश्चिम भारत में दीर्घकालिक औसत 587.6 मिमी के मुकाबले 593 मिमी बारिश दर्ज की गई. मध्य भारत में सामान्य बारिश 978 मिमी के मुकाबले 981.7 मिमी दर्ज की गई.

इस साल भारत में जून में 9 प्रतिशत बारिश की कमी हुई, लेकिन उत्तर पश्चिम भारत में लगातार पश्चिमी विक्षोभ और एमजेओ के अनुकूल चरण के कारण जुलाई में सामान्य से 13 प्रतिशत अधिक बारिश हुई. अल नीनो की स्थिति भारत में कमजोर मानसूनी हवाओं और शुष्क परिस्थितियों से जुड़ी है.

36 प्रतिशत बारिश की कमी के साथ अगस्त 2023, 1901 के बाद से सबसे शुष्क महीना और भारत में अब तक का सबसे गर्म महीना दर्ज किया गया था, जिसका कारण अल नीनो की स्थिति को मजबूत करना है. कई निम्न दबाव प्रणालियों और एमजेओ के सकारात्मक चरण के कारण सितंबर में अधिक बारिश हुई थी।

त्योहारी सीजन में 5 ट्रेनों को फिर किया गया रद्द

रायपुर (आरएनएस)। रेलवे ने एक बार फिर से पांच यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इसके ठीक पहले 37 यात्री ट्रेनें रद्द हो चुकी है। रेलवे के अनुसार चक्रधरपुर रेल मंडल के राउरकेला स्टेशन यार्ड के आधुनिकीकरण और तीसरी-चौथी लाइन पर काम चल रहा है। इसकी वजह से यात्री गाडिय़ों को रद्द किया गया है।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि आज 2 से 14 अक्टूबर तक अलग-अलग तारीखों पर कई यात्री ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। इससे पहले भी 37 ट्रेनें कैंसिल हो चुकी हैं। पिछले तीन महीनों से लगातार हर सप्ताह 75 से अधिक गाडिय़ों को कैंसिल करने का सिलसिला जारी है। जिस कारण ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है उनमें-

- 2, 4, 9, और 11 अक्टूबर को पटना से चलने वाली 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल रद्द रहेगी।
- 4 और 11 अक्टूबर को हैदराबाद से चलने वाली 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल रद्द रहेगी।
- 6 और 13 अक्टूबर को सिकंदराबाद से चलने वाली 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल रद्द रहेगी।
- 3 और 10 अक्टूबर को रक्सौल से चलने वाली 07052 रक्सौल-हैदराबाद स्पेशल रद्द रहेगी।
- 7 और 14 अक्टूबर को हैदराबाद से चलने वाली 07051 हैदराबाद -दरभंगा स्पेशल रद्द रहेगी।

पांच करोड़ की जीएसटी चोरी, पांच फर्मों का संचालन कर रहा था आरोपित

रायपुर (आरएनएस)। फर्जी इनवाइस रैकेट की जांच के दौरान जीएसटी विभाग ने 5.53 करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी। बताया जा रहा है कि आरोपित द्वारा पांच फर्मों का संचालन किया जा रहा था और फर्जी तरीके से बिना किसी वस्तुओं की आपूर्ति के और बिना जीएसटी के भुगतान के आरोपित ने 5.53 करोड़ का इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लिया। आरोपित को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया,जहां से उसे 14 दिनों के लिए जेल भेज दिया गया।

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार सीजीएसटी और केंद्रीय उत्पाद शुल्क रायपुर के फेक इनवाइस सेल के अधिकारियों द्वारा यह देखा गया कि दलदल सिवनी निवासी और मेसर्स गुरुनानक सेल्स रायपुर के मालिक अनुष गंगवानी कुछ फर्जी फ़र्में बना कर बिना किसी भी अंतर्निहित वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति के फर्जी आइटीसी को रायपुर ओर आस पास के विभिन्न व्यवसायिओं को वितरित कर रहा है। इससे भारी पैमाने पर जीएसटी की चोरी हो रही है। कुछ के पास एक फर्जी चालान रैकेट था।

इसी क्रम में फेक इनवाइस सेल की टीम ने अनुष गंगवानी के परिसर पर छापा डाल कर तलाशी ली। जांच से पता चला कि अनुष गंगवानी कुल पांच का संचालन कर रहा था, जिनके माध्यम से उसने बिना किसी अंतर्निहित वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति के तथा बिना जीएसटी के भुगतान के विभिन्न करदाताओं को 5.53 करोड़ रुपये की फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट हस्तांतरित की हुई थी।

अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार अनुष गंगवानी को को सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 69(1) के प्रावधानों के तहत केंद्रीय जीएसटी टीम द्वारा 29 सितंबर को गिरफ्तार किया गया और अदालत में पेश किया गया जहां सीजेएम अदालत ने आरोपी की 14 दिनों की न्यायिक हिरासत पर जेल भेज दिया।

फर्जी कंपनियों की जांच दिसंबर तक चलेगी

जीएसटी अधिकारियों का कहना है कि फर्जी कंपनी बनाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लेने वाले कंपनियों के लिए जीएसटी विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस तरह से गलत तरीके के इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लेने लगभग 1.25 लाख फर्जी कंपनियों के खिलाफ दिसंबर अंत तक जांच चलती रहेगी। इस जांच में यह भी देखा जा रहा है कि आखिर किन्हें फर्जी आइटीसी की सप्लाइ की गई है और कितने की जीएसटी चोरी हुई है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU